# जेपी इन्फ्रा के 20,000 होमबायर्स के लिए गुड न्यूज

समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** कई साल से अपने घर का सपना देख रहे जेपी इन्फ्राटेक के हजारों होमबायर्स के लिए अच्छी खबर है। मुंबई का सुरक्षा ग्रुप अगले सप्ताह एक बैठक के बाद कर्ज में डूबी इस कंपनी का अधिग्रहण कर सकता है। जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड के लिए सुरक्षा ग्रुप की समाधान योजना को पिछले हफ्ते एनसीएलएटी ने मंजूरी दे दी थी। इससे जेपी इन्फ्राटेक की नोएडा के विश टाउन और अन्य स्थानों पर रुके प्रोजेक्ट्स पर फिर से निर्माण कार्य शुरू हो सकता है। इससे 15-20 साल पहले जेपी इन्फ्रा के प्रोजेक्ट में निवेश करने वाले 20,000 खरीदारों की फ्लैट पाने की उम्मीदें फिर से जगी है। अब तक जेपी इन्फ्राटेक के दैनिक कामकाज का प्रबंधन एक कार्यान्वयन और निगरानी समिति कर रही है। एनसीएलटी द्वारा गठित इस समिति में सुरक्षा, जेआईएल, घर खरीदने वाले और एक आईआरपी के अधिकारी शामिल हैं। यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी के सीईओ अरुण वीर सिंह ने कहा कि सुरक्षा ग्रुप ने हमें औपचारिक रूप से यह जानकारी दी है कि वह जेपी इन्फ्राटेक को टेक ओवर करने की सूचना दी है। निगरानी कमेटी की




बैठक मंगलवार को होनी है। अधिग्रहण के बारे में घोषणा जल्द ही की जाएगी। इससे रुकी हुई परियोजनाओं पर निर्माण शुरू करने का रास्ता साफ हो जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी के पास उस जमीन का प्रशासनिक नियंत्रण है जिस पर जेपी के कुछ प्रोजेक्ट हैं।

**किसानों को कितना मिलेगा मुआवजा**

उन्होंने कहा कि सुरक्षा कंपनी के अधिकारी शुक्रवार को हमारे साथ एक और बैठक करेंगे, जिसमें इस बात पर चर्चा की जाएगी कि वे किसानों को मुआवजा कैसे और कब देने की योजना बना रहे हैं। कंपनी से पैसे मिलने के बाद हम ग्रामीणों के बीच राशि का वितरण शुरू कर देंगे। 24 मई को समाधान योजना को मंजूरी देते हुए एनसीएलएटी ने सुरक्षा को किसानों के मुआवजे के रूप में अगले चार साल में में यमुना अथॉरिटी को 1,335 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा था।

सुरक्षा ने अप्रैल में इस बारे में समाधान योजना एनसीएलटी को दी थी। इसके मुताबिक किसानों के लिए बढ़े हुए मुआवजे के रूप में 1,216 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। कंपनी ने 90 दिनों में राशि का 10%, पहले वर्ष के अंत तक 15% और अगले तीन वर्षों के लिए सालाना 25% भुगतान करने का प्रस्ताव रखा है। हालांकि, NCLAT ने कंपनी को अन्य सिक्योर्ड क्रेडिटर्स को किए गए भुगतानों के मुताबिक 118.3 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान करने को कहा। यमुना अथॉरिटी ने किसानों के मुआवजे के लिए सुरक्षा ग्रुप से 1,689 करोड़ रुपये की मांग की थी। घाटे की भरपाई अथॉरिटी अपने खजाने से करेगी। सिंह ने कहा कि इस पर निर्णय अगली बोर्ड बैठक में लिया जाएगा।

# भगोड़े ललित मोदी के भाई ने लगाया मां पर हमले की साजिश का आरोप

समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिवंगत उद्योगपति के के मोदी के परिवार में 11,000 करोड़ रुपये की विरासत को लेकर विवाद बढ़ गया है। के के मोदी के छोटे बेटे और गॉडफ्रे फिलिप्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर समीर मोदी ने अपनी मां बीना मोदी पर हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें उन्होंने अपनी मां, उनके निजी सुरक्षा अधिकारी और गॉडफ्रे फिलिप्स के डायरेक्टर्स पर उन्हें गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप लगाया। बीना मोदी भी गॉडफ्रे फिलिप्स की डायरेक्टर हैं। सिगरेट और कन्फेक्शनरी बनाने वाली कंपनी गॉडफ्रे फिलिप्स के बोर्ड मेंबर होने के अलावा समीर मोदी कलरबार कॉस्मेटिक्स, 24/7 रिटेल और डायरेक्ट सेलिंग प्लेटफॉर्म मोदीकेयर के भी प्रमुख हैं।

मोदी ने ईटी को बताया, यह घटना गुरुवार को हुई जब मैं दिल्ली के जसोला में जीपी की निर्धारित बोर्ड मीटिंग में घुसने की कोशिश कर रहा था। मुझे बीना मोदी के पीएसओ ने मीटिंग में घुसने से रोक दिया। जब मैंने जोर दिया तो उसने मुझे धक्का देने की कोशिश की और कहा कि मुझे बोर्ड मीटिंग में घुसने की अनुमति नहीं है। गॉडफ्रे फिलिप्स के प्रवक्ता ने आरोप को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ये आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद और निंदनीय हैं। कथित घटना बोर्ड रूम के बाहर हुई जब दोपहर करीब 12 बजे ऑडिट कमेटी की बैठक चल रही थी। यह घटना इन-हाउस सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसे संबंधित जांच अधिकारियों को मुहैया कराया जा सकता है।

**समीर मोदी की शिकायत**

समीर मोदी के मुताबिक यह सब तब हुआ जब उनकी मां ने कंपनी में उनकी हिस्सेदारी खरीदने की पेशकश की थी। उनका कहना है कि इस घटना के बाद अब उनकी कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बेचने की कोई मंशा नहीं है। उन्होंने शुक्रवार को राजधानी में अपने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित घर पर ईटी से कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे ही ऑफिस में मुझ पर हमला किया जाएगा। शेयरों के निपटान पर मामला अदालत में लंबित है, लेकिन अब मैं अभी अपनी हिस्सेदारी नहीं बेचूंगा। मुझे बोर्ड से हटाने का प्रयास किया जा रहा है, जो नहीं होगा। मोदी ने कहा कि उनकी मां की ओर से यह प्रस्ताव एक मध्यस्थ के माध्यम से आया था और उन्होंने इस पर सहमति जताई थी।

मोदी ने कहा, मैंने उनसे मूल्यांकन के लिए शीर्ष पांच ऑडिटिंग फर्मों में से किसी को नियुक्त करने के लिए कहा था और उसके आधार पर मुझे अपना 25% हिस्सा मिलना चाहिए। दो दिन पहले, उन्होंने दो कंपनियों के नाम के साथ जवाब दिया था, जिसमें से मुझे मूल्यांकन के लिए उनमें से एक का चयन करने के लिए कहा गया था। गुरुवार को, जब मैं बोर्ड मीटिंग के लिए गया, तो मेरी माँ के सुरक्षा



अधिकारी ने मुझे रोक दिया और मुझे अंदर नहीं जाने दिया। जब मैंने कोशिश की, तो उसने मेरा हाथ पकड़कर मरोड़ दिया। दर्द के बावजूद, मैं बोर्ड मीटिंग में गया और फिर अस्पताल गया। मुझे संदेह है कि पूरा हमला मुझे कंपनी की बैठक में प्रवेश करने से रोकने के उद्देश्य से पूर्व नियोजित था।

**विवाद की जड़**

मोदी ने सरिता विहार पुलिस स्टेशन में दर्ज अपनी शिकायत में कहा, मेरी इंडेक्स फिंगर टूट गई है और उसे जोड़ने के लिए एक स्क्रू और वायर की जरूरत है। हो सकता है कि मैं इस उंगली को पूरी तरह से काम करने लायक न बना पाऊं। डॉक्टरों ने मुझे बताया है कि उंगली को जोड़ने के लिए इस्तेमाल किया गया स्क्रू जीवन भर मेरे साथ रहेगा और मेरी दाएं हाथ की इंडेक्स फिंगर कभी भी पूरी तरह से काम नहीं कर पाएगी। पुलिस में शिकायत तो दर्ज कर ली गई है, लेकिन प्रेस टाइम तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। मोदी ने कहा कि बोर्ड की बैठक महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। मोदी ने अपनी शिकायत में कहा, मेरे साथ एजेंडा साझा किया गया था कि कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने थे। गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया के शेयरों के मालिकाना हक के संबंध में अदालती मामले लंबित हैं और मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

गॉडफ्रे फिलिप्स के प्रमोटरों के बीच विवाद का मुख्य कारण 11,000 करोड़ रुपये की विरासत का बंटवारा है। परिवार के मुखिया के के मोदी का 2019 में निधन हो गया था। के के मोदी के तीन बच्चों में से एक और आईपीएल के पूर्व बॉस ललित मोदी के भाई समीर मोदी ने अपनी मां के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। के के मोदी की विरासत में लिस्टेड कंपनी गॉडफ्रे फिलिप्स में परिवार की करीब 50% हिस्सेदारी शामिल है। मौजूदा बाजार मूल्य पर इसकी कीमत 5,500 करोड़ रुपये से अधिक है। साथ ही मोदी परिवार की कई अन्य कंपनियों में भी परिवार के शेयर हैं।

# देश की पहली डीलक्स ट्रेन के 94 साल पूरे हो गए




समाचार गेट/भावना कौशिश

अंग्रेजो ने भारत में तब डीलक्स या लग्जरी ट्रेन चलाई थी, जबकि इसका नाम भी भारतीयों ने नहीं सुना था। देश की पहली छ्व्य्ह्व्द्द ट्रेन बॉम्बे से पुणे के बीच चली थी, आज से 94 साल पहले। जी हां, देश की पहली डीलक्स और सुपरफास्ट ट्रेन डेक्कन क्वीन एक्सपेस (मराठी में दख्खन ची रानी) थी। इसी ट्रेन के आज 94 साल पूरे हो गए।

1930 में जब यह ट्रेन चली थी, तब यह कई मायनों में अनूठी थी। ब्रिटिश इंडिया में बॉम्बे प्रेसिडेंसी के तहत इसे अमीर यात्रियों के लिए लिए चलाया गया था। यह देश की पहली सुपरफास्ट ट्रेन का ताज इसी के सर पर है। साथ ही यह भारत की पहली ऐसी ट्रेन है जो लंबी दूरी तक इलेक्ट्रिक इंजन से चली थी। यह भारत की पहली ऐसी ट्रेन थी, जिसमें महिला डिब्बा लगाया था। साथ ही पहली ऐसी ट्रेन थी, जिसमें डाइनिंग कार लगाया गया था। मतलब कि इसमें चलता-फिरता रेस्टोरेंट है।

**घुड़दौड़ से है इसका संबंध**

हम कहें कि इस ट्रेन का संबंध घुड़दौड़ से है तो आप नहीं मानेंगे। लेकिन सच्चाई यही है। इस ट्रेन में शुरुआती यात्री पुणे के रेस कोर्स में हॉर्स रेसिंग में हिस्सा लेने वाले या हॉर्स रेसिंग पर पैसा लगाने वाले अमीर-उमरा होते थे। उन्हीं के लिए अंग्रेजों ने भारत की पहली लग्जरी या डीलक्स ट्रेन शुरू की थी। इस ट्रेन का रइस की अंदाजा इसी बात से लग जाता है कि महज सात डिब्बों की ट्रेन में दो डिब्बे तो गार्ड वाले ही निकल गए। बचे पांच डिब्बे। इनमें भी एक डिब्बा रेस्टोरेंट कार था। ताकि अमीरों की आरामतलबी में खलल नहीं पड़े।

**ऐसे पड़ा ट्रेन का नाम**

इस ट्रेन का नाम पुणे के नाम पर रखा गया था। पुणे को दक्खन की रानी के रूप में भी जाना जाता है। शुरुआत में जो ट्रेन को सात डिब्बों के दो रैक के अंडरफ्रेम इंग्लैंड से मंगाए गए थे। उनके ऊपर रेलवे के ही मुंबई स्थित माटुंगा वर्कशॉप में कोच बनाए गए। शुरुआती रैक का एक डिब्बा सिल्वर कलर से रंगा गया था और उस पर स्कारलेट मोलडिंग था। अन्य डिब्बों का रंग रॉयल ब्ल्यू और उस पर गोल्डन कलर का लाइन था। जब डेक्कन क्वीन चली थी तब रेलवे में चार क्लास होते थे। लेकिन इस ट्रेन में केवल दो क्लास, फर्स्ट और सेकेंड क्लास के डिब्बे लगाए गए थे। फर्स्ट क्लास के उस डिब्बे को भी 1 जनवरी 1949 को समाप्त कर दिया गया था, और सेकेंड क्लास के डिब्बे को ही फर्स्ट क्लास के रूप में दुबारा डिजाइन किया गया था, जो जून 1955 तक जारी रहा। उसी समय पहली बार इस ट्रेन में थर्ड क्लास भी शुरू किया गया था।

**जर्मन डिब्बे**

अब डेक्कन क्वीन जर्मन डिब्बों यानी एलएचबी कोच के साथ दौड़ती है। इन आधुनिक डिब्बों को उत्कृष्ट प्रोजेक्ट के रूप में डेवलप किया गया है। इस रैक ब्रेल साइनेज, बायो टॉयलेट्स और डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड भी लगाया है जो पहले नहीं था। इस बोर्ड के लगने से यात्रियों को ट्रेन और आने वाले स्टेशनों की जानकारी आसानी से मिलती है। अब इस ट्रेन में 15 डिब्बे हैं। इनमें से एक डाइनिंग कार भी शामिल है। डाइनिंग कार आईएसओ सर्टिफाइड है।

# 8000 करोड़... महंगा पड़ा तलाक

समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के एक अरबपति कारोबारी चे ताई-वॉन को अवैध संबंध रखना बहुत महंगा पड़ा। अदालत ने उन्हें एक अरब डॉलर यानी करीब 83,43,77,50,000 रुपये सेटलमेंट के रूप में देने का ऑर्डर दिया है। इसे देश का सबसे बड़ा डिवोर्स सेटलमेंट माना जा रहा है। ताई-वॉन की कंपनी एसके इंक दुनिया की सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनियों में से एक है। इस कंपनी का बिजनेस टेलिकॉम, केमिकल और एनर्जी में भी फैला हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ताई-वॉन की नेटवर्थ करीब चार लाख करोड़ वॉन है। कोर्ट के फैसले के बाद कंपनी के शेयरों में करीब नौ फीसदी तेजी आई है।



ताई-वॉन की शादी करीब एक दशक पहले टूट गई थी। इसकी वजह यह थी कि ताई-वॉन के किसी और महिला के साथ संबंध थे और एक बच्चा भी था। इसका खुलासा होने का साथ ही उनकी 35 साल पुरानी शादी टूट गई। सोल हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि एसके ग्रुप के चेयरमैन ताई-वॉन की तलाकशुदा पत्नी रोह सो-यंग उनकी कंपनी में शेयरों की हकदार हैं। निचली अदालत ने 66.5 अरब वॉन के सेटलमेंट को मंजूरी दी थी। फैमिली कोर्ट ने भी रोह की इस दलील को खारिज कर दिया था कि उन्हें कंपनी के शेयरों में एक हिस्सा मिलना चाहिए।

**अदालत ने क्या कहा**

लेकिन हाई कोर्ट ने इसे कई गुना बढ़ाकर 1.38 लाख करोड़ वॉन यानी करीब एक अरब डॉलर कर दिया। साथ ही उसने फैमिली कोर्ट के भी फैसले को पलटते हुए कहा कि शेयरों को जॉइंट प्रॉपर्टी माना जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि रोह ने एसके ग्रुप के बिजनस और ताई-वॉन की बिजनस एक्टिविटी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई थी। कोर्ट ने कहा कि ताई-वॉन की जायदाद में से रोह को करीब 35 फीसदी हिस्सा मिलना चाहिए। हालांकि ताई-वॉन के वकीलों ने कहा कि वे हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील करेंगे क्योंकि कोर्ट ने केवल एक ही पक्ष की दलीलों को सुनकर यह फैसला दिया है। रोह देश की पूर्व राष्ट्रपति रोह ताई-वू की बेटी है। अदालत ने पाया कि रोह ने ताई-वॉन के बिजनस को नियामकीय बाधाओं से बचाने में मदद की थी। कोर्ट ने कहा कि ट्रायल के दौरान ताई-वॉन के चेहरे पर अपने किए पर कोई पछतावा नजर नहीं आया। नए सेटलमेंट में इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि रोह को अपने पूर्व पति के अवैध संबंधों के कारण किस तरह की पीड़ा से गुजरना पड़ा था। हालांकि ताई-वॉन के वकीलों ने कहा कि रोह के राजनीतिक संबंधों से ताई-वॉन को फायदा कम और नुकसान ज्यादा हुआ।

# बिजनेस करने के लिए अमेरिका में नौकरी छोड़कर लौटीं भारत

समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** अगर कड़ी मेहनत की जाए तो बड़ी से बड़ी सफलता भी हासिल की जा सकती है। लेकिन सफलता हासिल करने के लिए कई बार सख्त फैसले लेने पड़ते हैं। जो लोग रिस्क लेने से पीछे नहीं हटते वह बुलंदियों पर जरूर पहुंचते हैं। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है उपासना टाकू ने। एक समय पर वह अमेरिका में अच्छी नौकरी कर रही थीं। उपासना ने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद करीब 17 वर्षों तक विदेश में काम किया। उन्होंने कई कंपनियों में नौकरी की। लेकिन वह अपना खुद का कारोबार करना चाहती थीं। इसके लिए उन्होंने अमेरिका में अपनी अच्छी जॉब को छोड़ दिया और भारत वापस लौटने का फैसला किया। उपासना के परिवार ने इसका विरोध भी किया। उपासना जानती थी कि अमेरिका में अपने बने बनाए करियर को छोड़कर नया बिजनेस स्टार्ट करने का ये कदम जोखिम भरा हो सकता है लेकिन फिर भी वो अपने फैसले पर टिकी रहीं। आज सफल कारोबारी महिलाओं की लिस्ट में एक नाम उपासना टाकू का भी आता है। वह मोबिक्विक की सीईओ हैं।

**कई कंपनियों में किया काम**

उपासना ने इंजीनियरिंग की हुई है। यह डिग्री उन्होंने पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी से हासिल की। फिर उपासना ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से मैनेजमेंट साइंस और इंजीनियरिंग में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने कई कंपनियों में काम किया। उपासना ने PayPal में प्रोडक्ट मैनेजर के तौर पर काम किया है। इसके अलावा HSBC कम्पनी में भी उन्होंने जॉब की है। वह पहले अमेरिका में रहती थीं। लेकिन, 2008 में अपना कारोबार शुरू करने के लिए वह भारत लौटी थीं।




**ऐसे हुई शुरुआत**

उपासना की साल 2008 में भारत लौटने के बाद बिपिन प्रीत सिंह से मुलाकात हुई। साल 2009 में दोनों ने साथ में मिलकर ही बिजनेस की शुरुआत की। बिपिन ने MobiKwik के लिए अपना बिजनेस कांसेप्ट तैयार किया था, लेकिन वो अपनी नौकरी छोड़कर इस बिजनेस को शुरू नहीं कर पाने की वजह से काफी परेशान थे। तब उपासना ने बिपिनप्रीत का साथ दिया और दोनों ने मिलकर साल 2009 में बिजनेस को शुरू किया। उस समय शुरू की गई MobiKwik नाम की छोटी सी कंपनी आज फिनटेक इंडस्ट्री का बड़ा नाम बन चुकी है। रिपोर्ट्स की मानें तो कंपनी का टर्नओवर करीब 8 हज़ार करोड़ रुपये है।

# एशिया के सरताज बने गौतम अडानी

समाचार गेट/एजेंसी



**नई दिल्ली।** अमीरों की लिस्ट में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। गौतम अडानी अब एशिया के सबसे बड़े रईस बन गए हैं। उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। अडानी की नेटवर्थ में 5.45 अरब डॉलर की तेजी आई। इसके साथ ही उनकी नेटवर्थ 111 अरब डॉलर पहुंच गई है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें और एशिया में पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर मुकेश अंबानी 109 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 12वें और एशिया में दूसरे नंबर पर हैं। अडानी शुक्रवार को सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अरबपति रहे। इस साल उनकी नेटवर्थ में 26.8 अरब डॉलर की तेजी आई है। पिछले साल जनवरी में हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण अडानी ग्रुप के शेयरों में काफी गिरावट आई थी। लेकिन उन्होंने काफी हद तक इसकी भरपाई कर ली है।

अडानी ग्रुप के शेयरों में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को काफी तेजी रही। कारोबार के दौरान इनमें 14 फीसदी तक तेजी आई। ग्रुप की होल्डिंग कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर सात फीसदी तेजी के साथ 3416.75 रुपये पर बंद हुआ। अडानी पोर्ट्स का शेयर भी चार फीसदी तेजी के साथ 1,440 रुपये पर बंद हुआ। अडानी पावर में कारोबार के दौरान 14 फीसदी तेजी रही और यह अंत में नौ फीसदी तेजी के साथ 759.80 रुपये पर बंद हुआ। इसी तरह अडानी टोटल गैस का शेयर भी नौ फीसदी की तेजी के साथ 1,044.50 रुपये पर पहुंच गया। अडानी विल्मर में तीन फीसदी और अडानी ग्रीन एनर्जी तथा अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस में दो फीसदी तेजी रही। एनडीटीवी में आठ फीसदी, अंबुजा सीमेंट और एसीसी में दो फीसदी तेजी रही।

**कौन-कौन हैं टॉप 10 में :** अमेरिका के माइकल डेल की नेटवर्थ में शुक्रवार को सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली। डेल ने 11.7 अरब डॉलर गंवाए और इसके साथ ही वह अमीरों की लिस्ट में 11वें से 13वें नंबर पर फिसल गए। दुनिया के दस टॉप अरबपतियों में से आठ की नेटवर्थ में शुक्रवार को तेजी रही। इस लिस्ट में फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट 207 अरब डॉलर के साथ पहले नंबर पर बने हुए हैं। एलन मस्क (203 अरब डॉलर) दूसरे और जेफ बेजोस (199 अरब डॉलर) तीसरे नंबर पर हैं। मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग (166 अरब डॉलर) के साथ चौथे, लैरी पेज (153 अरब डॉलर) पांचवें, बिल गेट्स (152 अरब डॉलर) छठे, सर्गेई ब्रिन (145 अरब डॉलर) सातवें, स्टीव बालमर (144 अरब डॉलर) आठवें, वॉरेन बफे (137 अरब डॉलर) नौवें और लैरी एलिसन (132 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं।

# नई सरकार के बनते ही फेम 3 लागू होगी?

समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का आज मतदान हो रहा है। इस बार किसकी सरकार बनेगी, इसका पता अगले सप्ताह चलेगा। लेकिन केंद्र सरकार सरकार की फेम (फास्टर अडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक वीइकल्स) स्कीम के तीसरे चरण FAME-3 के लॉन्च होने को लेकर चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं। हमारे सहयोगी इकॉनमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में एक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि संभव है कि नई सरकार के कार्यभार संभालने के शुरुआती 100 दिनों के भीतर FAME-3 स्कीम को लाया जा सकता है। बताया जाता है कि FAME के इस तीसरे चरण के लिए 10,000 करोड़ रुपये का बजट है। यह स्कीम देश में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर वाहनों के साथ-साथ सरकारी बसों को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। हालांकि, अभी इस योजना में इलेक्ट्रिक कारों को शामिल करने को लेकर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

**क्या है ख्स्स्थ स्कीम?**

नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन प्लान के हिस्से के रूप में डिपार्टमेंट ऑफ हैवी इंडस्ट्री ने इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों की टेक्नोलॉजी और निर्माण को बढ़ावा देने के लिए साल 2015 में फेम इंडिया नाम से एक योजना को लॉन्च किया था। इसे 1 अप्रैल 2015 से लागू किया गया। इसे ही FAME Scheme के नाम से जाना जाता है। इसके तहत EV निर्माताओं को सब्सिडी मिलती है। जिसका सीधा लाभ ग्राहकों को वाहन खरीदारी के समय मिलता है।

**अभी क्यों हो रही चर्चा?**

दरअसल, ख्स्स्थ-2 की समय सीमा बीते 31 मार्च को समाप्त हो गई। इस दौरान लोकसभा चुनाव की वजह से केंद्र सरकार ने एक अस्थाई स्कीम के तौर पर 4 महीनों के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशनल स्कीम को लॉन्च किया था। इसकी समयसीमा जुलाई में समाप्त होने वाली है। जून में नई सरकार का गठन हो जाएगा। अधिकारी ने बताया कि नई सरकार के जून में पदभार संभालने के तुरंत बाद FAME-3 स्कीम को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। FAME 2 ने देश में बिकने वाले इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बिक्री मूल्य पर 15% सब्सिडी प्रदान की थी।

**क्या हैं नए सुझाव?**

अधिकारी का कहना है कि देश में इलेक्ट्रिक कारों को किसी भी सब्सिडी की आवश्यकता है या नहीं, इस पर विचार-मंथन चल रहा है। FAME 3 के लिए वर्तमान प्रस्ताव में FAME 2 की तरह 15 लाख रुपये से कम कीमत वाली इलेक्ट्रिक कारों के लिए प्रोत्साहन देने का सुझाव दिया गया है। प्रोत्साहन को हाइब्रिड कारों के लिए भी बढ़ाया जा सकता है बशर्ते वे मूल्य सीमा का पालन करें। दूसरे अधिकारी ने कहा, सरकार नई योजना में या दिशानिर्देश भी ला रही है।

# चुनावों के बीच महंगाई से मिली राहत, सस्ता हो गया एलपीजी सिलेंडर

समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के बीच सरकार ने एलपीजी उपभोक्ताओं को राहत दी है। 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में एक बार फिर कटौती की गई है। दिल्ली में इसकी कीमत अब 1676.00 रुपये रह गई है जो पहले 1745.50 रुपये में मिल रहा था। इस तरह इसमें 69.50 रुपये की कमी की गई है। लेकिन घरों में इस्तेमाल होने वाले 14 किलो के एलपीजी सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आम उपभोक्ताओं के लिए दिल्ली में इसकी कीमत 803 रुपये बनी हुई है जबकि उज्ज्वला के लाभार्थियों के लिए इसकी कीमत 603 रुपये है। कोलकाता में अब 19 किलो का सिलेंडर 1787 रुपये, मुंबई में 1629 रुपये और चेन्नई में 1840.00 रुपये में मिलेगा। घटी हुई कीमतें आज से लागू हो गई हैं। 19 किलो वाले सिलेंडर को हलवाई सिलेंडर भी कहा जाता है। इसकी कीमत में कटौती से बाहर खाना-पीना सस्ता होने की उम्मीद है। लगातार तीसरे महीने कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में कटौती की गई है। इससे पहले अप्रैल और मई में भी 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत में कटौती की गई थी। उससे पहले फरवरी और मार्च में कीमतें बढ़ी थीं। इसके साथ ही ऑटो गैस और एटीएफ की कीमतों में भी आज से बदलाव किया गया है। इस बीच पेट्रोल और डीजल की कीमत में एक बार फिर कोई बदलाव नहीं हुआ है। शनिवार को दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये लीटर और डीजल की कीमत 87.62 रुपये है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड 0.25 डॉलर यानी 0.29% की गिरावट के साथ 81.62 डॉलर पर आ गया। दूसरी ओर डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 0.92 डॉलर यानी 1.18 फीसदी गिरावट के साथ 76.99 डॉलर पर ट्रेड है।

**उज्ज्वला योजना :** गरीब परिवारों को सब्सिडी पर सिलेंडर देने के लिए 2016 में पीएम उज्ज्वला योजना शुरू की गई थी। इसकी अवधि मार्च, 2024 में समाप्त हो रही थी। लेकिन केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसे 31 मार्च, 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया था। इस योजना के लाभार्थियों को सालाना 12 एलपीजी सिलेंडर तक सब्सिडी मिलती है। पीएम उज्ज्वला योजना के तहत करीब 10.27 करोड़ लाभार्थी हैं। इन सभी के लिए दिल्ली में 14.2 किलो वाले सिलेंडर की कीमत 603 रुपये है।

# रोहित और द्रविड़ को सौरव गांगुली ने दिया जीत का मंत्र

समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली टी20 विश्व कप के लिए रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ को खास गुरुमंत्र दिया है। गांगुली का मानना है कि टीम इंडिया के खिलाड़ियों पर फिर से बहुत ज्यादा दबाव पड़ने वाला है। दरअसल उनका भारतीय लंबे समय से कोई बड़ी ड्रष्ट ट्रॉफी नहीं जीत पाया है और इस बार भी उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। क्रिकेट भारत में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला खेल है और जब भारतीय टीम वर्ल्ड कप खेलती है तो हर किसी को बहुत जोश आ जाता है, लेकिन सौरव गांगुली जो भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक रहे हैं उनका मानना है कि राहुल द्रविड़ और उनकी टीम को टी20 वर्ल्ड कप जीतने के लिए थोड़ा रिलैक्स होकर खेलना चाहिए। गांगुली का कहना है कि भारतीय टीम अक्सर ये गलती करती है कि वो खुद पर बहुत ज्यादा दबाव डाल लेती है। उन्होंने विराट कोहली और रोहित शर्मा की पत्नियों को देखकर ये बात कही। उनका कहना है कि, अगर मैं राहुल से कुछ कह सकता हूं तो ये कहूंगा कि थोड़ा रिलैक्स हो जाओ। वो तो वैसे भी चैंपियन क्रिकेटर और शानदार दिमाग वाले हैं।



सौरव गांगुली ने कहा, जब मैं स्टेडियम में रोहित की पत्नी को देखता हूं तो साफ पता चलता है कि उन पर कितना दबाव है। विराट की पत्नी को भी देखकर लगता है कि वो कितना तनाव महसूस कर रही हैं। हम भारतीय यही गलती करते हैं कि खुद पर बहुत ज्यादा दबाव डाल लेते हैं। मुझे याद है 2003 वर्ल्ड कप का फाइनल। उस वक्त हमें रिलैक्स होकर खेलना चाहिए था। बड़े मैचों में हमें आराम से और बिना किसी दबाव के खेलना चाहिए। भारत 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचा था, लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। गांगुली को लगता है कि अगर टीम थोड़ा रिलैक्स होकर खेलती तो शायद जीत हासिल कर लेती। उन्होंने कहा कि, 2023 वर्ल्ड कप में फाइनल हारने के बावजूद मैं ये कहूंगा कि भारत सबसे अच्छी टीम थी। हमने पूरे टूर्नामेंट में शानदार क्रिकेट खेला था। अगर सिर्फ फाइनल में हम थोड़े रिलैक्स होकर खेलते तो शायद नतीजा कुछ और होता। मैं यही देखना चाहता हूं। ये कि हम बिना किसी दबाव के खेलें, लेकिन खुद पर इतना ज्यादा बोझ भी ना लें।

# क्या आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर के नियम को खत्म करना चाहते हैं सौरव गांगुली?

समाचार गेट/एजेंसी

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान और दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट डायरेक्टर सौरव गांगुली इंडियन प्रीमियर लीग में 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम को जारी रखने के पक्ष में हैं, लेकिन उनका मानना है टीम अपने 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी का फैसला टॉस के समय ही करें। हाल में खत्म हुए आईपीएल सत्र के बाद 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम काफी चर्चा में रहा क्योंकि इस चरण में आठ दफा 250 रन से ज्यादा का स्कोर बना।

गांगुली ने कहा कि वह चाहते हैं कि आईपीएल के अगले सीजन में मैदान की बाउंड्री और बढ़ा देनी चाहिए। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, मुझे इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम पसंद है। आईपीएल में सिर्फ मैं एक चीज चाहता हूं कि इसके लिए मैदान थोड़े बड़े कर देने चाहिए। सीमारेखा को थोड़ा बढ़ा देना चाहिए।

गांगुली ने एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद कहा, यह शानदार टूर्नामेंट है। इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के साथ आप सिर्फ एक चीज कर सकते हो कि इसका फैसला टॉस से पहले हो जाये। टॉस से पहले खुलासा करने के लिए आपको कौशल और रणनीति की जरूरत होगी। लेकिन मैं इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के पक्ष में हूं।




पृथ्वी शॉ का इस आईपीएल सत्र में प्रदर्शन इतना शानदार नहीं रहा लेकिन गांगुली का कहना है कि वह अब भी युवा है और छोटे प्रारूप के दाव पेच सीख रहा है। उन्होंने कहा, पृथ्वी काफी युवा है। वह अभी 23 साल का ही है। वह अब भी सीख रहा है कि टी20 क्रिकेट कैसे खेला जाए। वह शानदार प्रतिभा का धनी है और बेहतर ही होगा।

कभी कभार हम हर किसी से पहले ही काफी कुछ उम्मीद लगाने लगते हैं और पृथ्वी के कौशल को देखते हुए मुझे पूरा भरोसा है कि वह अच्छा करेगा।

**ऋषभ पंत ने की है दमदार वापसी**

गांगुली ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 2022 में कार दुर्घटना से पहले की तरह खेलना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स शानदार रहा इसलिए उसने जिस तरह से वापसी की, उसे देखकर खुश हूं। मैंने हमेशा ही कहा है कि वह विशेष खिलाड़ी है।

# फ्रेंच ओपन के चौथे राउंड में पहुंची कोको गाफ तो कोसियारेटो ने किया बड़ा उलटफेर

समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** मौजूदा अमेरिकी ओपन चैम्पियन कोको गाफ ने शुक्रवार को डायना यास्त्रेमस्का पर 6-2, 6-4 की जीत से फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ 2022 में फाइनल में पहुंची थीं। उन्होंने डायना को 38 'अनफोर्स्ड' गलतियां करने पर मजबूर किया और आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली इस खिलाड़ी के खिलाफ जीत हासिल की। बारिश के कारण देर रात तक चले टूर्नामेंट के मैचों में कई उलटफेर देखने को मिले जिसमें अमेरिका की गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स की 10वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना पर जीत भी शामिल है।





**एलिजाबेटा कोसियारेटो ने किया उलटफेर**

इटली की एलिजाबेटा कोसियारेटो (51 रैंकिंग) ने लियूडमिला सैमसोनोवा (17 रैंकिंग) पर 7-6, 6-2 की जीत से एक और उलटफेर किया। अब कोसियारेटो की भिड़ंत गॉफ से होगी। दोनों दो बार एक दूसरे के आमने सामने हो चुकी हैं और दोनों ही दफा गॉफ विजेता रही हैं। क्वालीफायर ओल्गा दानिलोविच ने डोना वेकिच को 0-6, 7-5, 7-6 से हराकर ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में पहली बार चौथे दौर में जगह बनायी। बारिश के कारण लगातार तीसरे दिन खेल प्रभावित रहा। शुक्रवार को अभी तक दो बार खेल रोका जा चुका है। आयोजकों को बारिश की वजह से मैच देर रात तक करवाने के लिए प्रत्येक कोर्ट पर दूधिया रोशनी का सहारा लेना पड़ा। स्टर्न्स को अपनी बारी के लिए पूरे दिन इंतजार करना पड़ा लेकिन यह मैच जब बीती रात नौ बजे के बाद शुरू हुआ तो इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने ठंड, नमी और धीमी परिस्थितियों से अच्छी तरह से सामंजस्य बिठाया और 17 फोरहैंड विनर्स लगाकर कसाटकिना को 7-5, 6-2 से हराया।

**खराब मौसम की वजह से देर रात तक चल रहे मैच**

गुरुवार को दिन भर में 55 मैच खेले गए जिनमें अंतिम मैच रात एक बजे के बाद समाप्त हुआ। इस मैच में रूस की 17 वर्ष की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां 19वीं वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। एंड्रीवा का अगला मुकाबला स्टर्न्स से होगा, जिसमें विजेता रहने वाली खिलाड़ी पहली बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचेगी। महिला वर्ग में जिन अन्य वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता देखना पड़ा उनमें 2017 की चैंपियन और नौवीं वरीय येलेना ओस्टापेंको भी शामिल हैं जिन्हें डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने 7-6 (4), 4-6, 6-3 से पराजित किया।

**खराब मौसम की वजह से देर रात तक चल रहे मैच**

गुरुवार को दिन भर में 55 मैच खेले गए जिनमें अंतिम मैच रात एक बजे के बाद समाप्त हुआ। इस मैच में रूस की 17 वर्ष की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां 19वीं वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। एंड्रीवा का अगला मुकाबला स्टर्न्स से होगा, जिसमें विजेता रहने वाली खिलाड़ी पहली बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचेगी। महिला वर्ग में जिन अन्य वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता देखना पड़ा उनमें 2017 की चैंपियन और नौवीं वरीय येलेना ओस्टापेंको भी शामिल हैं जिन्हें डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने 7-6 (4), 4-6, 6-3 से पराजित किया।

**फ्रांसेस टियाफो भी हुए उलटफेर का शिकार**

इस टूर्नामेंट में 11वीं वरीयता प्राप्त डेनियल कोलिन्स सर्बियाई क्वालीफायर ओल्गा डैनिलोविच से 6-7 (3), 7-5, 6-4 से हार गईं जबकि 23वीं वरीय अन्ना कालिंस्काया को बियांका एंड्रीस्कू ने 1-6, 7-5, 6-3 से बाहर का रास्ता दिखाया। पुरुष वर्ग में उलटफेर का शिकार बनने वाले खिलाड़ियों में 25वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो और 31वें वरीय मारियानो नवोन शामिल हैं। टियाफो को उनके मित्र डेनिस शापोवालोव ने 6-7 (4), 6-4, 6-2, 6-4 से हराया।

# गुलबदीन नाइब का तूफान तो स्पिन के मायाजाल में फंसी स्कॉटलैंड



समाचार गेट/एजेंसी

**त्रिनिदाद।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का 14वां वॉर्म अप मैच स्कॉटलैंड और अफगानिस्तान के बीच त्रिनिदाद के क्वीन्स पार्क, पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला गया। यह मैच अफगानिस्तान ने 55 रन से अपने नाम कर लिया। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने स्कॉटलैंड के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। ऐसे में 20 ओवर में अफगानिस्तान ने 8 विकेट पर 178 रन बना डाले। इसके जवाब में स्कॉटलैंड की बल्लेबाजी पूरी तरह से फ्लॉप हो गई। वह 20 ओवर में 9 विकेट पर 123 रन ही बना पाए।

**वॉर्म अप मैच में गुलबदीन नाइब ने दिखाया मसल गेम**

स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच में रहमानुल्लाह गुरबाज के साथ पारी का आगाज करने के लिए गुलबदीन नाइब आए। गुलबदीन ने आते ही अपना मसल गेम दिखाना शुरू कर दिया। उन्होंने चौकों-छक्कों में डील करना शुरू कर दिया। नाइब ने 30 गेंदों का सामना कर 230 के तूफानी स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 69 रन ठोके। इस दौरान उनके बल्ले से 5 चौके और 6 छक्के देखने को मिले। नाइब के अलावा अजमतुल्लाह उमरजई ने भी 36 गेंद में 4 चौके और 2 छक्के की मदद से 48 रन बनाए। स्कॉटलैंड की ओर से क्रिस सोल ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए। ब्रेडली कुरे ने 2 विकेट लिए जबकि ब्रैड वील, मार्क वेट और क्रिस ग्रेव्स को एक-एक सफलता मिली।

**मुजीब उर रहमान का दिखा जलवा**

अफगानिस्तान के गेंदबाजों ने स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों को खासा परेशान किया। लगभग सभी गेंदबाजों ने गजब गेंदबाजी की। लेकिन स्पिनर मुजीब उर रहमान और करीम जनत ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया। रहमान और जनत दोनों ने 2-2 विकेट लिए। इसके अलावा नवीन उल हक, खारोटे, राशिद खान, अजमतुल्लाह उमरजई और गुलबदीन नाइब को एक-एक सफलता मिली। स्कॉटलैंड की तरफ से सर्वाधिक 34 रन मार्क वैट ने बनाए। बता दें कि अफगानिस्तान का वर्ल्ड कप में पहला मुकाबला युगांडा से 4 जून को है।

# मैं जो अभ्यास कराऊं उसपर पूरा भरोसा रखना!

समाचार गेट ब्यूरो

वो बड़े इत्मीनान से गुरु के सामने खड़ा था।

गुरु अपनी पारखी नजर से उसका परीक्षण कर रहे थे।

नौ दस साल का छोकरा। बच्चा ही समझो। उसका बायां हाथ नहीं था। किसी बैल से लड़ाई में टूट गया था।

तुझे क्या चाहिए मुझसे? गुरु ने उस बच्चे से पूंछा।

उस बच्चे ने गला साफ किया। हिम्मत जुटाई और कहा, मुझे आप से कुश्ती सीखनी है।

एक हांथ नहीं है ,और कुश्ती लड़नी है ? अजीब बात है।

क्यू ?

स्कूल में बाकी लड़के सताते हैं मुझे और मेरी बहन को। टुंडा कहते हैं मुझे। हर किसी की दया की नजर ने मेरा जीना हराम कर दिया है गुरुजी। मुझे अपनी हिम्मत पे जीना है। किसी की दया नहीं चाहिए। मुझे खुद की और मेरे परिवार की रक्षा करती आनी चाहिए।

ठीक बात है। पर अब मैं बूढ़ा हो चुका हूं और किसी को नहीं सिखाता। तुझे किसने भेजा मेरे पास?

कई शिक्षकों के पास गया मैं। कोई भी मुझे सिखाने को तैयार नहीं। एक बड़े शिक्षक ने आपका नाम बताया। तुझे वो ही सिखा सकते हैं क्योंकि उनके पास वक्त ही वक्त है और कोई सीखने वाला भी नहीं है, ऐसा बोले वो मुझे।

वो गुरूर से भरा जवाब किसने दिया होगा, ये उस्ताद समझ गए। ऐसे अहंकारी लोगों की वजह से ही खल प्रवृत्ति के लोग इस खेल में आ गए, ये बात उस्ताद जानते थे।

ठीक है। कल सुबह पौ फटने से पहले अखाड़े में पहुंच जाना। मुझ से सीखना आसान नहीं है ये पहले ही बोल देता हूं। कुश्ती एक जानलेवा खेल है। इसका इस्तेमाल अपनी रक्षा के लिए करना। मैं जो सिखाऊं उसपर पूरा भरोसा रखना, और इस खेल का नशा चढ़ जाता है आदमी को। तो सिर ठंडा रखना। समझा?

जी उस्ताद, समझ गया। आपकी हर बात का पालन करूंगा। मुझे अपना चेला बना लीजिए। मन की मुराद पूरी हो जाने के आंसू उस बच्चे की आंखों में छलक गए। उसने गुरु के पांव छू कर आशीष लिया।

अपने एक ही चेले को सिखाना उस्ताद ने शुरू किया।

मिट्टी रौंदी, मुगदल से धूल झटकायी और इस एक हांथ के बच्चे को कैसे विद्या देनी है इस बारे में सोचते सोचते उस्ताद की आंख लग गई।

एक ही दांव उस्ताद ने उसे सिखाया और रोज़ उसका ही अभ्यास बच्चे से करवाते रहे। छह महीने तक रोज बस एक ही दांव। एक दिन चेले ने उस्ताद के जन्मदिन पर पांव दबाते हुए हौले से बात को छेड़ा।

गुरुजी, छह महीने बीत गए, इस दांव की बारीकियां अच्छे से समझ गया हूं और कुछ नए दांवपेंच भी सिखाइए ना।

उस्ताद वहां से उठ के चल दिए। बच्चा परेशान हो गया कि गुरु को उसने नाराज़ कर दिया।

फिर भी उस्ताद की बात पर भरोसा कर के वो सीखता रहा। उसने कभी नहीं पूछा कि और कुछ सीखना है।

गांव में कुश्ती की प्रतियोगिता आयोजित की गई। बड़े बड़े इनाम थे उसमें। हरेक अखाड़े के चुने हुए पहलवान प्रतियोगिता में शिरकत करने आए। उस्ताद ने चेले को



बुलाया। कल सुबह बैल जोत के रख गाड़ी को। पास के गांव जाना है। सुबह कुश्ती लड़नी है तुझे।

पहली दो कुश्ती इस बिना हाथ के बच्चे ने यूं ही जीत लिया। जिस घोड़े के आखरी आने की उम्मीद हो और वो रेस जीत जाए तो रंग उतरता है जैसे ... वैसे ही सारे विरोधी उस्तादों का मुंह उतर गया। देखने वाले अचरज में पड़ गए। बिना हांथ का बच्चा कुश्ती में जीत कैसे सकता है?

कौन सिखाया इसे?

अब तीसरी कुश्ती में सामने वाला खिलाड़ी नौसिखुआ नहीं था। पुराना जांबाज़। पर अपने साफ सुथरे हथकंडों से और दांव का सही तोड़ देने से ये कुश्ती भी बच्चा जीत गया।

अब इस बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ गया। पूरा मैदान भी अब उसके साथ हो गया था। मैं भी जीत सकता हूं ये भावना उसे मजबूत बना रही थी।

देखते ही देखते वो अंतिम बाज़ी तक पहुंच गया।

जिस अखाड़े वाले ने उस बच्चे को इस बूढ़े उस्ताद के पास भेजा था, उस अहंकारी पहलवान का चेला ही इस बच्चे का आखरी कुश्ती में प्रतिस्पर्धी था।

ये पहलवान सरीखे उम्र का होने के बावजूद शक्ति और अनुभव से इस बच्चे से श्रेष्ठ था। कई मैदान मार लिए थे उसने। इस बच्चे को वो मिनटों में चित कर देगा ये स्पष्ट था। पंचों ने राय मशवरा किया।

ये कुश्ती लेना सही नहीं होगा। कुश्ती बराबरी वालो में होती है। ये कुश्ती मानवता और समानता के अनुसार रद्द की जाती है। इनाम दोनों में बराबरी से बांटा जाएगा।। पंचों ने अपना मंतव्य प्रकट किया।

मैं इस कल के छोकरे से कई ज्यादा अनुभवी हूं और ताकतवर भी। मैं ही ये कुश्ती जीतूंगा ये बात सोलह आने सच है। तो इस कुश्ती का विजेता मुझे बनाया जाए। वह प्रतिस्पर्धी अहंकार में बोला।

मै नया हूं और बड़े भैया से अनुभव में छोटा भी। मेरे उस्ताद ने मुझे ईमानदारी से खेलना सिखाया है। बिना खेले जीत जाना मेरे उस्ताद की तौहीन है। मुझे खेल कर मेरे हक का जो है उसे दीजिए। मुझे ये भीख नहीं चाहिये। उस बांके जवान की स्वाभिमान भरी बात सुन कर जनता ने तालियों की बौछार कर दी।

ऐसी बातें सुनने को अच्छी, पर नुकसानदेय होती। पंच हतोत्साहित हो गए। कुछ कम ज्यादा हो गया तो? पहले ही एक हांथ खो चुका है अपना और कुछ नुकसान ना हो जाए? मूर्ख कहीं का!

लड़ाई शुरू हुई।

और सभी उपस्थित अचंभित रह गए। सफाई से किए हुए वार और मौके की तलाश में बच्चे ने फेंका हुआ दांव उस बलाढ्य प्रतिस्पर्धी को झेलते नहीं बना। वो मैदान के बाहर औंधे मुंह पड़ा था। कम से कम परिश्रम में उस नौसिखिए ने उस पुराने महारथी को धूल चटा दी थी।

अखाड़े में पहुंच कर चेले ने अपना मेडल निकाल के उस्ताद के पैरों में रख दिया। अपना सिर उस्ताद के पैरों की धूल माथे लगा कर मिट्टी से सान लिया।

उस्ताद, एक बात पूछनी थी।

पूछ।

मुझे सिर्फ एक ही दांव आता है। फिर भी मैं कैसे जीता?

तू दो दांव सीख चुका था। इसलिए जीत गया।

कौन से दो दांव उस्ताद?

पहली बात, तू ये दांव इतनी अच्छी तरह से सीख चुका था कि उसमें गलती होने की गुंजाइश ही नहीं थी। तुझे नींद में भी लड़ाता, तब भी तू इस दांव में गलती नहीं करता। तुझे ये दांव आता है ये बात तेरा प्रतिद्वंदी जान चुका था, पर तुझे सिर्फ यही दांव आता है ये बात थोड़ी उसे मालूम थी?

और दूसरी बात क्या थी उस्ताद?

दूसरी बात ज्यादा महत्व रखती है। हरेक दांव का एक प्रतीदांव होता है! ऐसा कोई दांव नहीं है जिसका तोड़ ना हो। वैसे ही इस दांव का भी एक तोड़ था।

तो क्या मेरे प्रतिस्पर्धी को वो दांव मालूम नहीं होगा?

वो उसे मालूम था। पर वो कुछ नहीं कर सका। जानते हो क्यू? क्यूंकि उस तोड़ में दांव देने वाले का बायां हांथ पकड़ना पड़ता है!

अब आपके समझ में आया होगा कि एक बिना हांथ का साधारण सा लड़का विजेता कैसे बना?

जिस बात को हम अपनी कमजोरी समझते हैं, उसी को जो हमारी शक्ति बना कर जीना सिखाता है, विजयी बनाता है, वो ही सच्चा उस्ताद है।

अंदर से हम कहीं ना कहीं कमजोर होते हैं, दिव्यांग होते हैं। उस कमजोरी को मात दे कर जीने की कला सिखाने वाला गुरु हमें चाहिए।

**अरून शुक्ला की वॉल से साभार!**




समाचार गेट
TITLE CODE: HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर-6 नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक, कृष्णा शर्मा। सम्पादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः ब्रह्मदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : samachargate@gmail.com

# दलजीत कौर पर भी चढ़ने लगा है राखी सावंत का रंग?



**समाचार गेट/एजेंसी**

दलजीत कौर। टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम। एक प्रतिष्ठित अदाकारा, जो लंबे अरसे से लोगों का मनोरंजन कर रही हैं। अपने काम से भी और निजी जिंदगी से भी। इन्होंने मार्च, 2023 में दूसरी शादी की थी। मगर जनवरी, 2024 में भारत लौट आईं बेटे को लेकर। लौटने के 5 महीने बाद इन्होंने चुप्पी तोड़ी और आए दिन कुछ न कुछ कहना शुरू किया। पति पर एक्स्ट्रा मैरिटल का भी आरोप लगा दिया। और जब निखिल ने अपना पक्ष रखा तो एक्ट्रेस प्यार भरे पुराने वीडियोज और फोटोज पोस्ट करने लगीं। दुल्हन बनकर रील्स शेयर करने लगीं। जो कि समझ से एकदम परे है।

अब तो दलजीत कौर ने वो क्लिप शेयर की है, जो उनके शादी के दौरान की है। जिसमें निखिल जेडन को गोद लेने की बात कह रहे हैं। दलजीत अपनी लव स्टोरी सुना रही हैं। इस वीडियो में हल्दी-मेहंदी और शादी से लेकर रिसेप्शन की झलकियां हैं। साथ ही निखिल और दलजीत का एक-दूसरे के प्रति जो नजरिया रहा, वो भी रिकॉर्डेड है। जहां एक्ट्रेस बता रही हैं कि उनकी मुलाकात दुबई में हुई थी। निखिल भी बता रहे हैं कि उनकी जब बातें शुरू हुईं तो उन्हें दिलचस्प लगा। दोनों ने बातें शुरू कीं और फिर एक-दूसरे के बारे में बताया।

**दलजीत को पहले से ही था इस बात का डर**

जहां निखिल अब कह रहे हैं कि ये शादी लीगल नहीं है। वहीं इस वीडियो में उन्होंने शादी के दौरान कहा था कि ये शादी उन दोनों के साथ आने के साथ-साथ दो परिवारों के मिलने की भी थी। दो संस्कृति के साथ आने की थी। बच्चों के बारे में थी। इसमें दलजीत ने उस वक्त ये कहा था- मुझे ये डर था कि कहीं उनका ये फैसला जेडन के लिए गलत निकला तो क्या होगा। क्योंकि इस फैसले में सिर्फ वह नहीं, बल्कि उनका बेटे भी जुड़ा था। उन्होंने अभी तक जो किया था सही किया था। लेकिन इस बारे में नहीं पता था। लेकिन बाद में ये भी कहा कि निखिल, उनकी किस्मत में नहीं, बल्कि जेडन की किस्मत में थे। इसलिए वह मिले।

**आखिर क्या करना चाह रही हैं दलजीत?**

दलजीत कौर की ये हरकतें देखकर राखी सावंत की याद आने लगी है। जिस तरह राखी ने आदिल से अलग होने के बाद उसके बारे में अच्छा औऱ बुरा दोनों कहा था। तमाम प्यार-भरे वीडियोज शेयर किए थे। मीडिया में तरह-तरह की स्टेटमेंट्स दी थीं। वैसे अब दलजीत भी कर रही हैं।उनका अचनाक ये से बदलाव हजम नहीं हो रहा है। क्योंकि जहां पहले वह पति को खरी-खोटी सुना रही थीं। उन पर बरस रही थीं। वहीं अब वह एकदम नरम पड़ गई हैं। निखिल के इंटरव्यू के बाद ऐसा क्या हुआ कि उन्हें अब पुराने दिन याद आ रहे हैं। वह मांग में सिंदूर, गले में मंगलसूत्र और हाथ में चूड़ा पहनकर क्या जता रही हैं, ये तो वही जाने। लेकिन अब एकदम सब बचकाना लग रहा है। उन्हें एक कायदे का फैसला लेकर आगे बढ़ना चाहिए। क्योंकि इसमें उनका बेटा जेडन बुरी तरह पिस रहा है। उसका भविष्य दांव पर है। पढ़ाई-लिखाई चौपट हो रही है। लेकिन मैडम का ड्रामा ही खत्म नहीं हो पा रहा है। कभी पति के खिलाफ हो जाती हैं और उनकी पर्बलिक में धज्जियां उड़ा देती हैं तो कभी पिया की याद सताने लगती है तो ऐसे वीडियोज शेयर करने लगती हैं। शादी के दिनों को याद करने लगती हैं।

# अनंत अंबानी- राधिका मर्चेंट की क्रूज पार्टी में कैटी पेरी ने लगाए चार चांद



**समाचार गेट/एजेंसी**

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग क्रूज पार्टी में देश-विदेश की कई हस्तियां शामिल हुई हैं। इटली में इस प्री-वेडिंग क्रूज पार्टी की शुरुआत 29 मई को वेलकम लंच के साथ हुई थी, जो अब तक जारी है। हाल ही पंजाबी सिंगर और रैपर गुरु रंधावा भी अनंत और राधिका की पार्टी में पहुंचे और परफॉर्म की।

पॉप स्टार ऱ्ड्ढह्म4 क्द्गह्म4 ने भी राधिका और अनंत की प्री-वेडिंग पार्टी में परफॉर्म किया। इस दौरान खूज जमकर आतिशबाजी भी हुई। कैटी पेरी की दमदार परफॉर्मेंस और आतिशबाजी के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सिल्वर कलर के गाउन में कैटी पेरी ने अपनी परफॉर्मेंस से समां बांध दिया और सभी मेहमान इंजॉय करते नजर आए। कैटी पेरी के अलावा म्यूजिक बैंड ग्रुप बैकस्ट्रीट बॉयज ने भी राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग पार्टी में परफॉर्म किया।

सलमान से लेकर शाहरुख तक पहुंचे

मालूम हो कि अनंत और राधिका मर्चेंट की यह क्रूज पार्टी 1 जून को खत्म हो जाएगी। इस पार्टी में बॉलीवुड से कई सितारे मेहमान बने, जिनमें रणबीर कपूर और आलिया भट्ट से लेकर रणवीर सिंह, सलमान खान, शाहरुख खान और कई सेलेब्स का नाम शामिल है। पूर्व क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी भी पत्नी और बेटी के साथ पार्टी में पहुंचे थे।

जामनगर में हुई थी पहली प्री-वेडिंग पार्टी

मालूम हो कि यह अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की दूसरी प्री-वेडिंग पार्टी थी। पहली पार्टी एक मार्च 2024 से गुजरात के जामनगर में चली थी और 3 मार्च को खत्म हुई थी। उसमें भी बॉलीवुड से खेल और बिजनेस जगत के अलावा कुछ इंटरनेशनल सेलेब्स भी शामिल हुए थे।

# फिल्म का प्रमोशन करने भारत भ्रमण पर निकली दैत्य जैसी कार



**समाचार गेट/एजेंसी**

कल्कि 2898 AD फिल्म में दिखाई जाने वाली तीन पहियों वाली बुज्जी कार अब नैशनल टूर पर निकल रही है। नाग अश्विन रेड्डी की अपकमिंग फिल्म कल्कि 2898 एडी एक साइंस फिक्शन फ्यूचरिस्टिक फिल्म है, जिसमें लीड रोल में बाहुबली एक्टर प्रभास हैं। 27 जून को रिलीज होने के लिए तैयार इस फिल्म के लिए आयोजित मेगा इवेंट में प्रभास ने इसी बुज्जी कार से एंट्री मारी थी और इस फिल्म में कार को नाम दिया गया है AI इंटरफेस कार। अब बुज्जी देशभर में टूर पर है, जिसका मकसद फिल्म प्रमोशन है।

प्रभास ने जैसे ही इस बुज्जी से एंट्री मारी लोगों का ध्यान सुपरस्टार से हटकर इस एलियन की तरह दिखने वाले कार पर जा थमीं। ये तीन पहियों वाली बुज्जी दिखने में खतरनाक और फ्यूचर से आई कार लगती है। कई बार इसे देख आपको ट्रांसफॉर्मर्स की दैत्य जैसी गाड़ियां याद आ जाएगी।

**पहली बार कोई कार करने निकली है फिल्म का प्रमोशन**

अब तक फिल्मी सितारे अपनी अपकमिंग फिल्मों का प्रमोशन करने निकलते थे। पहली बार कोई कार अपनी फिल्म के लिए प्रमोशन करने सड़कों पर उतरी नजर आ रही है और इसे लेकर खूब चर्चा हो रही है। इस फिल्म के लिए देश की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी महिंद्रा ने कोयंबटूर में जयम मोटर्स के साथ मिलकर इसे कस्टमाइज कर बनाया है। हालांकि, फिल्म में इस कार को प्रभास (भैरव) बनाते हैं।

**ऑरेंज रंग की इस धांसू कार का वजन 6 टन**

ऑरेंज रंग में रंगी ये शानदार कार का वजन 6 टन है और 94 किलोवाट पावर, 9800 Nm के टॉर्क से लैस है। 47 किलोवाट की पावरफुल बैटरी से चलने वाली ये कार रेसिंग कारों के सामने धांसू दिखती है।

**अगला पड़ाव मुंबई और दिल्ली**

हाल ही में बुज्जी को चेन्नई की सड़कों पर घूमते हुए देखा गया, जिसको देखकर लोग हैरान नजर आए। बताया जा रहा है कि चेन्नई पहला पड़ाव है। ये पूरे देश का भ्रमण करने निकली है और अगला पड़ा मुंबई और दिल्ली का है। इसके बाद यह बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद, इंदौर, जयपुर, आगरा, कानपुर, विजाग और विजयवाड़ा सहित कई शहरों को कवर करेगी।

**फिल्म में इस कार को उड़ते हुए भी दिखाया गया है**

इस फिल्म के कलाकारों की बात करें तो इसमें कई शानदार कलाकार हैं जिनमें अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी शामिल हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित ये फिल्म साल 2024 की सबसे बड़ी फिल्म बताई जा रही है। फिल्म में दिखाए गए बुज्जी कार के कुछ फीचर्स बेहद काल्पनिक हैं जो रियल में कार में मौजूद नहीं हो सकते हैं। फिल्म के कुछ सीन में इस कार को उड़ते हुए भी दिखाया गया है।

# पर्दे पर मेड बनकर थक गई थीं एक्ट्रेस, बिट्टू की मम्मी ने बदली लाइफ




**समाचार गेट/एजेंसी**

पंचायत में क्रांति देवी तो गुल्लक में बिट्टू की मम्मी से फेमस हुईं सुनीता राजवर हाल ही में कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर शिरकत करती हुई नजर आई थीं। इन्हें पहले कोई नहीं जानता था लेकिन इन दो वेब सीरीज को करने के बाद एक्ट्रेस की मानो लॉट्री लग गई। कामयाबी उनके कदम चूम रही हो। उनके अभिनय की चारों तरफ तारीफ होती है। आज सैटरडे सुपरस्टार सेगमेंट में हम आपको उनके बारे में ही बताने जा रहे हैं।

सुनीता राजवर का जन्म बरेली में हुआ है लेकिन परवरिश और स्कूलिंग, सब हल्द्वानी के एक छोटे से कस्बे में बीता है। इनके पिता पिथौड़ागढ़ छोड़कर बरेली भाग आए थे। पढ़ाई उनकी पूरी नहीं हो सकी थी। इस कारण उन्हें छोटे-मोटे काम करने पड़े थे। जैसे कि वह कभी ट्रक ड्राइवर रहे तो कभी स्टोर मैनेजर रहे।

**सुनीता राजवर की पढ़ाई-लिखाई**

सुनीता राजवर ने जोश टॉक में बताया था कि उनके पिता ने उन्हें हल्द्वानी के सबसे अच्छे और एकमात्र कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाया था। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें स्कूल में नाटक करने का मन होता था। उन्हें कभी फिल्में करने का मन नहीं हुआ या उसमें आने का कोई प्लान नहीं था। लेकिन उनके पिता हर शुक्रवार को रिलीज होने वाली सभी फिल्में दिखाने ले जाते थे। तो शायद यहीं से उनमें एक्टिंग का कीड़ा पैदा हो गया।

**सुनीता राजवर ने स्कूल से ह्रस्ट्र का सफर तय किया**

सुनीता राजवर ने बताया कि वह स्कूल में डांस तो करती थीं लेकिन नाटक करने का मन भी होता था। लेकिन उनके शहर में रामलीला के अलावा कुछ और नहीं होता था। तो वह रावण दरबार में डांस किया करती थीं। इसके बाद नैनीताल गईं। वहां इन्हें ह्रस्ट्र के पास आउट निर्मल पांडे के नाटक में रोल मिल गया, जो अपने फेलोशिप के प्ले की तैयारी कर रहे थे। उम्र में छोटी थीं, इसलिए इन्हें भी सबसे छोटा रोल मिला। इसमें इन्होंने बहुत ही शिद्दत के साथ काम किया, जिसके बाद निर्मल पांडे ने कहा कि उन्हें ह्रस्ट्र करना चाहिए। उन लोगों ने ही एक्ट्रेस को एनएसडी की तैयारी करवाई थी। वहां तीन साल उन्होंने पूरे लिए लेकिन उन सालों में इनकी जिंदगी पूरी बदल गई।

**सुनीता राजवर को मुंबई में मिला काम**

सुनीता राजवर ने बताया कि इसके बाद वह मुंबई गईं। उनके पास 30 हजार रुपये थे। वहां वह पीजी में रहीं। और दोस्तों के जरिए ही उनको काम मिलने लगा। पहला काम इन्हें तब मिला, जब इनकी दोस्त को हार्नेस से लटकना था किसी शो में, लेकिन उसकी पीठ में दिक्कत थी और उसने सुनीता का नाम रेकेमेंड कर दिया। और वो काम एक्ट्रेस को मिल गया। ऐसे ही इन्हें काम मिलता गया।

**सुनीता राजवर नौकरानी के किरदार निभाकर थक गई थीं**

सुनीता राजवर को पहला सीरियल तुम पुकार लो मिला था और इसके बाद उनकी जर्नी शुरू हो गई थी। उनके पास कोई नहीं था जो आर्थिक मदद देता। अपने बूते और दोस्तों के रेफ्रेंस से वह आगे बढ़ती गईं। लाइफ में टर्निंग प्वॉइंट तब आया, जब इन्हें ये रिश्ता क्या कहलाता है मिला था। इसके बाद इन्होंने कई शोज किए, जिसमें मां के किरदार से नौकरानी की भूमिका निभाई थी। कॉमिडी से लेकर नेगेटिव किरदार निभाए। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें इतने मेड के रोल मिले कि उन्हें लगने लगा था कि जैसे निरूपा रॉय मां हैं, वैसे सुनीता राजवर मेड के नाम से जानी जाएगी। वह इस किरदार से थक गई थीं। लेकिन जब गुल्लक मिला, आधी उम्र गुजरने के बाद। तो वह पिछले काम को देखने के बाद ही मिला था।

**सुनीता राजवर ने दिया था नीना गुप्ता के रोल का ऑडिशन**

सुनीता राजवर को टीवी सीरियल्स करते हुए ही पहली फिल्म 1:40 की लास्ट लोकल मिली थी। फिर स्त्री, बाला, केदारनाथ जैसी फिल्में मिलीं। लेकिन लाइफ गुल्लक ने बदली, जिसके लिए इन्होंने काफी ऑडिशन्स दिए थे। कई वर्कशॉप्स में गईं। जिसके बाद इन्हें फाइनल किया गया। ञ्जङ्कस्न्न के साथ लंबा काम करने के बाद उन्हें पंचायत मिली। इसमें नीना गुप्ता के रोल के लिए इन्होंने ऑडिशन दिया था। लेकिन मेकर्स ने इनको लाने के लिए स्पेशल एक कैरेक्टर जोड़ा, जिसका नाम क्रांति देवी था।

## इधर 45 डिग्री गर्मी, उधर हिमायल की गुलाबी ठंड में रजनीकांत

**समाचार गेट/एजेंसी**

हर साल, सुपरस्टार रजनीकांत अपनी आध्यात्मिक यात्रा के लिए लगभग 15 दिनों के लिए हिमालय की यात्रा करने निकालते हैं। यह साल भी कुछ अलग नहीं था। यूएई की अपनी यात्रा के बाद, रजनीकांत अब हिमालय पहुंच गए हैं। खूबसूरत पहाड़ों के बीच पोज देते हुए रजनीकांत की एक तस्वीर अब वायरल हो गई है। ऐसा लगता है कि एक्टर अपनी आध्यात्मिक यात्रा का सबसे अच्छा समय बिता रहे हैं। दुबई से वापस आने के बाद, रजनीकांत ने हिमालय की अपनी आध्यात्मिक यात्रा शुरू की। ताजी हवा और हिमालय की अलौकिक प्राकृतिक सुंदरता से घिरे हुआ वह कितने खुश लग रहे हैं। इससे पहले शुक्रवार को रजनीकांत उत्तराखंड पहुंचे और उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। सफेद कुर्ता और मुंडू के साथ भगवा शॉल और पगड़ी पहने एक्टर आध्यात्मिक भक्ति में डूबे दिखे।

**महावतार बाबाजी के भक्त हैं थलाइवा**

बता दें कि थलापति एक्टर महावतार बाबाजी के प्रबल भक्त हैं, ऐसा उनकी 2002 की तमिल फिल्म बाबा से जाहिर होता है। अपनी आध्यात्मिक मान्यताओं का पालन करते हुए, वो हर साल हिमालय की तीर्थयात्रा करते हैं, जिसके दौरान वह ध्यान में लीन रहते हैं।

**रजनीकांत की अगली फिल्म**

रजनीकांत अपनी आगामी फिल्म टी.जे. की रिलीज के लिए तैयारी कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल अक्टूबर में रिलीज होने वाली है। शुरुआत में इसका नाम थलाइवर 170 था, इस फिल्म में शानदार स्टार कास्ट है जिसमें अमिताभ बच्चन, फहद फासिल, मंजू वारियर, राणा दग्गुबाती, दुशारा विजयन और रितिका सिंह जैसे कई एक्टर्स हैं।







